कार्यालय जिला शिक्षा पदाधिकारी, खगड़िया।

अनुमंडल कार्यालय परिसर, खगड़िया 851204

E-mail ID – deokhagaria.edn@gmail.com दूरभाष संख्या :– 06244466917

–: कार्यालय आदेश :–

परीक्षा नियंत्रक (विविध), बिहार विद्यालय परीक्षा समिति, पटना के पत्रांक–के0वि0 227/2026 दिनांक–04.05.2026 द्वारा माध्यमिक एवं उच्च माध्यमिक शिक्षक पात्रता परीक्षा (STET), 2025 पेपर–1 एवं 2 के अभ्यर्थियों का रिजल्ट कार्ड वितरण करने हेतु निदेश प्राप्त हुआ है।

उपांकित निदेश के आलोक में माध्यमिक एवं उच्च माध्यमिक शिक्षक पात्रता परीक्षा (STET), 2025 पेपर–1 एवं 2 के अभ्यर्थियों का रिजल्ट कार्ड **वितरण जिला कार्यक्रम पदाधिकारी, माध्यमिक शिक्षा एवं साक्षरता, खगड़िया कार्यालय में तिथिवार पूर्वाह्न 10:30 से 04:00 बजे तक** वितरण किया जायेगा। उक्त रिजल्ट कार्ड वितरण कार्य हेतु निम्नांकित कर्मियों को प्राधिकृत किया जाता है :–

काउन्टर नं0	कर्मी का नाम एवं पदनाम	आवंटित रिजल्ट कार्ड की संख्या	विषय	तिथि
1	1. श्री उत्कर्ष, विद्यालय लिपिक, +2 उच्च विद्यालय मदास, खगड़िया। 2. श्री अरविन्द कुमार, विद्यालय लिपिक, उत्क्रमित माध्यमिक विद्यालय अररिया, परबत्ता।	पेपर–1 क्रमांक–01 से 901 तक	क्रमांक के अनुसार सभी विषय	दिनांक–11.05.2026 से 16.05.2026 तक
2	1. श्री नवनीत कुमार, विद्यालय लिपिक, उत्क्रमित माध्यमिक विद्यालय पहाड़चक, चौथम। 2. श्री विश्वजीत कुमार, विद्यालय लिपिक, उत्क्रमित माध्यमिक विद्यालय भिखारीघाट, अलौली	पेपर–1 क्रमांक–902 से 1869 तक	क्रमांक के अनुसार सभी विषय	दिनांक–11.05.2026 से 16.05.2026 तक
3	1. श्री गौतम कुमार, विद्यालय लिपिक, उत्क्रमित माध्यमिक विद्यालय नीरपुर, चौथम। 2. श्री हर्ष कुमार, विद्यालय लिपिक, उत्क्रमित माध्यमिक विद्यालय शहरबन्नी, अलौली।	पेपर–2 क्रमांक–1 से 1214 तक	क्रमांक के अनुसार सभी विषय	दिनांक–11.05.2026 से 16.05.2026 तक

संबंधित कर्मियों को निदेश दिया जाता है कि श्री सत्यम शिवम सुन्दरम, निम्न वर्गीय लिपिक से रिजल्ट कार्ड एवं प्राप्ति सूची प्राप्त कर रिजल्ट कार्ड वितरण करते समय अभ्यर्थी का प्रवेश–पत्र की छायाप्रति/वेब कॉपी एवं फोटो युक्त भारत सरकार या राज्य सरकार द्वारा निर्गत वैध पहचान–पत्र की मूल प्रति देख कर अभ्यर्थियों द्वारा पहचान–पत्र की स्वअभिप्रमाणित छायाप्रति सुरक्षित संधारित करते हुए निर्धारित तिथि को ससमय वितरण करना सुनिश्चित करेंगे, **वितरण करते समय यह ध्यान रखा जाय कि संबंधित अभ्यार्थी को ही रिजल्ट कार्ड प्राप्त करायेंगे।** दूसरे व्यक्ति को प्राप्त कराने की स्थिति में सम्पूर्ण जिम्मेवारी संबंधित वितरण करनेवाले कर्मी की होगी। वितरण के उपरांत अवशेष बचे रिजल्ट कार्ड एवं प्राप्ति श्री सत्यम शिवम सुन्दरम, निम्न वर्गीय लिपिक को प्राप्त करायेंगे।

उक्त प्रमाण–पत्र वितरण का नोडल पदाधिकारी जिला कार्यक्रम पदाधिकारी, मा0शि0 एवं साक्षरता, खगड़िया तथा उनके सहयोग में श्री अरविन्द लोचन, कार्यालय अधीक्षक एवं श्री धर्मराज मीम, प्रधान लिपिक, कार्यालय–जिला शिक्षा पदाधिकारी, खगड़िया को नामित किया जाता है।

(अमरेन्द्र कुमार गोंड)
जिला शिक्षा पदाधिकारी,
खगड़िया।

ज्ञापांक–847/खगड़िया, दिनांक 08/05/2026

प्रतिलिपि :– संबंधित STET अभ्यार्थी को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यार्थ प्रेषित।

प्रतिलिपि :– संबंधित विद्यालय लिपिक/संबंधित विद्यालय प्रधान को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यार्थ प्रेषित।

प्रतिलिपि :– श्री अरविन्द लोचन, कार्यालय अधीक्षक/श्री धर्मराज मीम, प्रधान लिपिक, कार्यालय जिला शिक्षा पदाधिकारी, खगड़िया को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यार्थ प्रेषित।

प्रतिलिपि :– जिला सूचना एवं विज्ञान पदाधिकारी, खगड़िया को सूचनार्थ एवं अनुरोध है कि उक्त सूचना NIC के वेबसाइट पर अपलोड करना सुनिश्चित करेंगे।

प्रतिलिपि :– जिला कार्यक्रम पदाधिकारी, स्थापना/मा0शि0 एवं साक्षरता, खगड़िया को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यार्थ प्रेषित।

प्रतिलिपि :– परीक्षा नियंत्रक (विविध), बिहार विद्यालय परीक्षा समिति, पटना की सेवा में सादर सूचनार्थ समर्पित।

प्रतिलिपि :– जिला पदाधिकारी, खगड़िया की सेवा में सादर सूचनार्थ समर्पित।

जिला शिक्षा पदाधिकारी,
खगड़िया।
08.05.26

"बच्चे दो ही अच्छे।"